**फ़ाइल संख्या:** I-12/7/2020-प्रशा.-डीबीटी
भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
बायोटेक्नोलॉजी विभाग

कमरा संख्या 519, 5वां तल,
ब्लॉक सं. 3, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली -110003
दिनांक: 7 अप्रैल, 2021

## निविदा सूचना

### स्टाफ़ कार सं. DL3CCC-1886 (मारूति SX4) का निस्तारण

बायोटेक्नोलॉजी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार **"जैसा है जहां है''** आधार पर एक मारुति SX4-4 स्टाफ कार संख्या DL3CCC-1886 (मॉडल 2013) के निस्तारण (बेचने) का प्रस्ताव **है** ।

2. तदनुसार, निम्नानुसार उल्लिखित नियमों और शर्तों पर उक्त वाहन को बेचने के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित की जाती है। उल्लिखित वाहन को खरीदने के इच्छुक व्यक्ति/फर्म संलग्न प्रपत्र में अपनी उच्चतम कोटेशन को एक मुहरबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी को 30 अप्रैल, 2021 को दोपहर 14.00 बजे तक कमरा सं. 521, 5 वां तल, ब्लॉक सं. 3, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली को भेज सकते हैं। समय से प्राप्त कोटेशन उसी दिन 16.00 बजे अर्थात 30 अप्रैल, 2021 को खोली जाएंगी। बोली लगाने वाले व्यक्ति या उनके प्रतिनिधि, प्रत्येक कोटेशन के लिए केवल एक व्यक्ति को सख्ती से सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कोटेशन खोलने के समय, यदि वे ऐसा चाहते हैं, उपस्थित होने की अनुमति दी जा सकती है। लिफाफे पर स्पष्ट शब्दों में **''कंडम वाहन की खरीद हेतु कोटेशन''** लिखा होना चाहिए।

3. यह वाहन 26 अप्रैल, 2021 को 15.00 बजे से 16.00 बजे के बीच निरीक्षण के लिए उपलब्ध होगा ।

4. उक्त वाहन की नीलामी निम्नलिखित शर्तों द्वारा संचालित की जाएगी: -

क. सफल बोलीदाता को बोली की स्वीकृति के दो कार्य दिवसों के भीतर आहरण एवं संवितरण अधिकारी, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, नई दिल्ली के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से **बोली राशि और 18% जीएसटी** जमा कराना आवश्यक होगा।

ख. सफल बोलीदाता द्वारा निवास स्थिति (व्यक्ति के मामले में आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि और फर्म के मामले में पंजीकरण प्रमाण पत्र आदि) के समर्थन में दस्तावेज़ी प्रमाण प्रस्तुत किए जाने के बाद नीलाम किया गया वाहन सौंपा जाएगा।

ग. नीलाम किए गए वाहन को सफल बोलीदाता द्वारा अपने खर्च पर बोली की राशि और निवास प्रमाण-पत्र जमा कराने के दो कार्य दिवसों के भीतर हटाना होगा।

घ. वाहन को ''जैसा है जहां है'' आधार पर बेचा जाएगा और बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा इसकी योग्यता या गुणवत्ता के बारे में कोई गारंटी नहीं दी जाएगी।

ङ. सफल बोलीदाता अपने खर्च पर वाहन के पंजीकरण प्रमाण पत्र को अपने नाम पर शीघ्रातिशीघ्र हस्तांतरित करने के लिए भी जिम्मेदार होगा। बायोटेक्नोलॉजी विभाग इस संबंध में उनकी ओर से हुई किसी चूक का उत्तरदाई नहीं होगा।

च. बोलीदाताओं को अपनी बोली वापि स लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

छ. बायोटेक्नोलॉजी विभाग के पास किसी/सभी कोटेशन को बिना कोई कारण दिए स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

ज. मैं/हम एतद्द्वारा यह घोषणा करता हूं कि वैधता की इस अवधि के दौरान हम अपनी बोली को वापि स/संशोधित नहीं करूंगा, ऐसा करने पर मुझे/हमें निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से वंचि त कर दिया जाए।

झ. कोटेशन को निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किया जाना चाहिए अन्यथा अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(आई. रविंद्रन)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं.: 011-24361822

प्रति:-

1. बायोटेक्नोलॉजी विभाग की वेबसाइट।
2. एनआईसी सेल, डीबीटी को वेबसाइट पर निविदा सूचना अपलोड करने के लिए ।
3. केंद्रीय लोक प्रापण पोर्टल

**बायोटेक्नोलोजी विभाग, भारत सरकार की कंडम मारुति SX4 कार (मॉडल 2013) DL3CCC - 1886 के निस्तारण दर की प्रस्तुति का प्रारूप।**

**(30 अप्रैल, 2021 को दोपहर 2 बजे तक लागू)**

| | |
|---|---|
| बोली लगाने वाले का नाम | |
| बोली लगाने वाले का पता * | |
| दूरभाष संख्या | |

* (पत्राचार का पता पूर्णतया प्रमाण के साथ होना चाहिए - आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि की सत्यापित प्रतियां)। बोलीदाता द्वारा दिए गए पते और दूरभाष संख्या पर सम्प्रेषण सुविधा हमेशा होनी चाहिए।)

मैं/हम मेरी/हमारी अधिकतम कोटेशन, मारुति SX4 कार (मॉडल 2013), पंजीकरण संख्या DL3CCC-1886 के तहत प्रस्तुत करते हैं, जो बायोटेक्नोलॉजी विभाग, 5 वां तल, ब्लॉक 3, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003 द्वारा नीलामी के लिए प्रस्तुत की गई है:-

| क्र.सं. | वाहन की पंजीकरण संख्या | मॉडल | निर्माण | वाहन की मूल राशि के रूप में प्रस्तावित राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | DL3CCC-1886 | 2013 | मारुति SX4 | रुपये<br>(अंकों में) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | रुपये<br>(शब्दों में) |

नोट: कृपया मूल राशि प्रस्तुत करें। मूल राशि पर 18% जीएसटी ही लागू होगा।

मैंने/हमने प्रस्ताव के नियमों और शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ा है और हम पत्र में उल्लिखित इन शर्तों का पूर्णतया पालन करने के लिए सहमत हैं। इस प्रस्ताव से उत्पन्न किसी भी विवाद पर बायोटेक्नोलॉजी विभाग, भारत सरकार का निर्णय मेरे/हम पर बाध्यकारी होगा।

मैं/हम एतद्द्वारा यह घोषणा करते हैं कि वैधता की इस अवधि के दौरान हम अपनी बोली को वापि स/संशोधित नहीं करेंगे, ऐसा करने पर मुझे/हमें निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से वंचि त कर दिया जाए।

मैं/हम घोषित करते हैं कि मैं/हम वैधता की अवधि के दौरान मेरी/हमारी बोली को वापस नहीं लेंगे या संशोधित नहीं करेंगे।

स्थान:
हस्ताक्षर:
दिनांक
: